शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ,दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र ( सत्र : 2023 - 2024 )**

**कक्षा - बारहवीं** **विषय : समाजशास्त्र ( कोड :** 039 )

अवधि: 3 घंटे अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।
2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।
4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है। ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 33 का उत्तर दिए गए ग्राफिक्स की मदद से देना है। प्रश्न संख्या 34 का उत्तर दिए गए गद्यांश की सहायता से देना है।

| | खण्ड [क] | |
|---|---|---|
| 1 | अभिकथन(A) : 'विविधता' शब्द असमानताओं के बजाय अंतरों पर बल देता है।<br>कारण (R) : जब हम यह कहते हैं कि भारत एक महान सांस्कृतिक विविधता वाला राष्ट्र है तो हमारा तात्पर्य यह होता है कि यहाँ अनेक प्रकार के सामाजिक समूह एवं समुदाय निवास करते हैं।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 2 | समाजशास्त्री सतीश सबरवाल ने औपनिवेशिक भारत में आधुनिक पविर्तनों की रूपरेखा से जुड़े निम्नलिखित में से कौन से पहलू की विवेचना नहीं की है -<br>(क) संचार माध्यम<br>(ख) संगठनों के स्वरूप<br>(ग) विचारों की प्रकृति<br>(घ) आधुनिकता | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | गाँव में रहने वाले लोग सरकारी नौकरी जैसे डाकखाने में, शिक्षा विभाग में, कारखाने में कामगार या सेना की नौकरी करते हैं, उनकी जीविका ऐसे क्रियाकलापों से चलती है। ऐसे क्रियाकलापों को क्या कहते हैं ।<br>(क) कृषि<br>(ख) छोटे<br>(ग) अकृषि<br>(घ) बड़े | 1 |
| 4 | भूमि सुधार की तीसरी मुख्य श्रेणी में भूमि की हदबंदी अधिनियम थे। इन कानूनों के तहत एक विशिष्ट ______________________के लिए ज़मीन रखने की उच्चतम सीमा तय कर दी गई।<br>(क) व्यक्ति<br>(ख) परिवार<br>(ग) समाज<br>(घ) क्षेत्र | 1 |
| 5 | मुंबई के लोगों को इनमें से कौन से आधार पर विभाजित नहीं किया जाता है -<br>(क) वे कहाँ रहते हैं<br>(ख) वे क्या खाते हैं<br>(ग) कितने कीमती कपड़े पहनते हैं<br>(घ) वे कहाँ से पढ़ें है | 1 |
| 6 | आधुनिक काल में ,विशेष रूप से 19वीं सदी से, जाति तथा व्यवसाय के बीच के संबंध काफी _________हुए हैं।<br>(क) मज़बूत<br>(ख) ढीले<br>(ग) जटिल<br>(घ) सख्त | 1 |
| 7 | आनुष्ठानिक रूप से सबसे ऊँची जाति, ____________को धन संचय की अनुमति नहीं थी ।<br>(क) वैश्य<br>(ख) शूद्र<br>(ग) क्षत्रिय<br>(घ) ब्राह्मण | 1 |

DoE,Delhi

https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| 8 | यह जाति-व्यवस्था का एक अत्यंत घृणित एवं दूषित पहलू है, जो धार्मिक एवं कर्मकांडीय दृष्टि से शुद्धता एवं अशुद्धता के पैमाने पर सबसे नीची मानी जाने वाली जातियों के सदस्यों के विरुद्ध अत्यंत कठोर सामाजिक अनुशास्त्रियों (दंडों) का विधान करता है।<br>यह अवधारणा क्या कहलाती है ?<br>(क) शुद्धता<br>(ख) अशुद्धता<br>(ग) दंड<br>(घ) अस्पृश्यता | 1 |
| 9 | अभिकथन (A) : मैनेजर का मुख्य कार्य होता है कामगारों को नियंत्रित रखना और उनसे अधिक काम करवाना।<br>कारण (R) : कामगारों से अधिक कार्य करवाने के दो तरीके होते हैं। पहला कार्य के घंटों में वृद्धि। दूसरा निर्धारित दिए गए समय में उत्पादित वस्तु की मात्रा को बढ़ा देना ।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 10 | उग्रवाद, अपने आप में एक ऐसी अभिवृत्ति है जो अपने समूह को ही वैध या श्रेष्ठ समूह मानती है और अन्य समूहों को निम्न, अवैध अथवा विरोधी समझती है।<br>धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद को क्या कहते हैं ?<br>(क) जातिवाद<br>(ख) क्षेत्रवाद<br>(ग) उग्रवाद<br>(घ) संप्रदायवाद | 1 |
| 11 | सरकार ___________________________ कंपनियों के अपने हिस्सों को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास कर रही है, जिसे विनिवेश कहा जाता है।<br><br>(क) सार्वजनिक<br>(ख) बड़ी<br>(ग) छोटी<br>(घ) नियमित | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 12 | अभिकथन(A) : सामाजिक संसाधनों तक असमान पहुँच की पद्धति ही साधारणतया सामाजिक विषमता कहलाती है।<br>कारण (R) : कुछ सामाजिक विषमताएँ व्यक्तियों के बीच स्वाभाविक भिन्नता को प्रतिबिंबित करती हैं उदाहरणस्वरूप उनकी योग्यता एवं प्रयास में भिन्नता।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 13 | अभिकथन(A) : औद्योगीकरण का संबंध यांत्रिक उत्पादन के उदय से है जो शक्ति के गैरमानवीय संसाधन जैसे वाष्प या विद्युत पर निर्भर होता है।<br>कारण (R) : ब्रिटेन औद्योगीकरण से गुजरने वाला पहला समाज था ।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 14 | मार्क्स और महात्मा गाँधी दोनों ने ___________________को रोजगार के लिए खतरा माना।<br>**(क) नगरीकरण**<br>**(ख) आधुनिकीकरण**<br>**(ग) समाजीकरण**<br>**(घ) मशीनीकरण** | 1 |
| 15 | कार्य दिवस का आठ घंटे से अधिक का न होना, पुरुषों तथा महिलाओं को समान कार्य के लिए समान मजदूरी दिया जाना तथा मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा तथा पेंशन के अधिकार एवं अन्य बहुत से अधिकार किसके द्वारा प्राप्त किए गए थे ?<br>**(क) सामाजिक विचारों**<br>**(ख) सामाजिक व्यवहारों**<br>**(ग) सामाजिक आंदोलनों**<br>**(घ) सामाजिक गतिविधियों** | 1 |
| 16 | सामाजिक आंदोलन में एक लंबे समय तक _________________सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता होती है ।<br>(क) कभी - कभी<br>(ख) बेहतरीन<br>(ग) निरंतर<br>(घ) निर्णायक | 1 |

DoE Delhi

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | खण्ड [ख] | |
| 17 | अनुच्छेद को पढ़िए तथा दिये गए प्रश्न का उत्तर दीजिए<br><br>इस बात पर बल देना जरूरी है कि सांप्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है धर्म से नहीं। यद्यपि संप्रदायवादी धर्म के साथ गहन रूप से जुड़े होते हैं, पर वास्तव में व्यक्तिगत विश्वास और संप्रदायवाद में आवश्यक रूप से कोई संबंध नहीं होता। एक संप्रदायवादी श्रद्धालु हो भी सकता है और नहीं भी एवं श्रद्धालु लोग संप्रदायवादी हो भी सकते हैं और नहीं भी। किंतु सभी संप्रदायवादी धर्म पर आधारित एक राजनीतिक पहचान में अवश्य विश्वास रखते हैं।<br><br>सांप्रदायिकता से आप क्या समझते है ? | 2 |
| | OR | |
| | अनुच्छेद को पढ़िए तथा दिये गए प्रश्न का उत्तर दीजिए<br>संप्रदायवाद की एक प्रमुख विशिष्टता उसका यह दावा है कि धार्मिक पहचान अन्य सभी की तुलना में सर्वोपरि होती है। चाहे कोई ग़रीब हो या अमीर, चाहे किसी का कोई भी व्यवसाय हो, जाति या राजनीतिक विश्वास हो, धर्म ही सब कुछ होता है, उसी के आधार पर उसकी पहचान है। सभी हिंदू एक समान होते हैं जैसे, सभी मुसलमान, सिख आदि ।<br>धर्मनिरपेक्षतावाद से आप क्या समझते हैं ? | 2 |
| 18 | संविदा खेती से किस प्रकार किसान बाज़ार की ओर से आश्वस्त रहता है ? | 2 |
| 19 | ब्रेमन ने 'घुमक्कड़ मजदूर' के विषय में क्या बताया ? | 2 |
| 20 | अन्य पिछड़ी जातियाँ किन्हें कहा जाता है? | 2 |
| 21 | काम पाने के लिए लोग कौन - कौन से माध्यम का प्रयोग करते हैं ? | 2 |
| 22 | अधिकांश समाजों की तरह भारत में भी सामाजिक भेदभाव तथा बहिष्कार चरम रूप में पाया जाता है। इसे समाप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ? | 2 |
| 23 | निम्न का अर्थ बताइए-<br>1. पूर्वाग्रह<br>2. रूढ़धारणाएं | 2 |

DoE Delhi


| | | |
|---|---|---|
| 24 | 1970 के दशक के मध्य में भारत में महिला आंदोलन का नवीनीकरण हुआ । कुछ लोग इसे भारतीय महिला आंदोलन का दूसरा दौर कहते हैं । जबकि बहुत सी चिंताएँ उसी प्रकार बनीं रहीं , फिर भी संगठनात्मक रणनीति तथा विचारधाराओं दोनों में परिवर्तन हुआ ।<br><br>'महिला आंदोलन का नवीनीकरण हुआ' से क्या अर्थ है ? | 2 |
| | OR | |
| | समसामयिक काल में दलित आंदोलन ने जनमंडल में निर्विवाद रूप से कैसे स्थान प्राप्त कर लिया है ? | 2 |
| 25 | ए.आई.ई.टी.सी. (एटक ) किस प्रकार का संगठन था । कोई दो बिन्दु लिखें । | 2 |
| | खण्ड [ग] | |
| 26 | माल्थस के जनसंख्या वृद्धि के सिद्धांत की विवेचना कीजिए । | 4 |
| 27 | जाति व्यवस्था एक कठोर व्यवस्था है । टिप्पणी करें । | 4 |
| | OR | |
| | समकालीन दौर में जाति व्यवस्था में हुए अत्यंत महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों की चर्चा करें । | 4 |
| 28 | नए सामाजिक आंदोलन तथा पुराने सामाजिक आंदोलन के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । | 4 |
| 29 | औद्योगीकरण कुछ एक स्थानों पर किस प्रकार जबरदस्त समानता लाता है ? | 4 |
| 30 | औद्योगीकरण का संबंध यांत्रिक उत्पादन के उदय से है जो शक्ति के गैरमानवीय संसाधन जैसे वाष्प या विद्युत पर निर्भर होता है। बहुत सारी पश्चिमी समाजशास्त्रीय पुस्तकों में यह बताया गया है कि अति विकसित परंपरात्मक सभ्यताओं में भी खेत या जमीन पर उत्पादन से संबंधित कार्य करने के लिए अधिकाधिक मानवों की आवश्यकता होती थी। अपेक्षाकृत निम्न तकनीकी विकास की वजह से बहुत ही कम लोग कृषि के कार्य से अतिरिक्त कुछ अन्य आसान व्यवसाय कर सकते थे।<br><br>औद्योगिक समाज की विशेषताएँ बताएं ? | 4 |
| 31 | जाति और पंथनिरपेक्षीकरण पर अपने विचार लिखें । | 4 |
| 32 | मजदूरों के पलायन करने के चार कारण बताए । | 4 |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

| | खण्ड [घ] | |
|---|---|---|

33 चार्ट 1 को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें 6




*स्रोतः राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, भारत सरकार*

*वेबसाइटः https://populationcommission.nic.in/facts1.htm# राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रालेख 2018, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; आर्थिक सर्वेक्षण 2018–19, भारत सरकार।*

(क) चार्ट 1 में क्या दर्शाया गया है ?

(ख) 1931 से पहले, मृत्यु दरें और जन्म दरें दोनों उच्च थे, जबकि, इस संक्रमण वर्ष क्षण के बाद मृत्यु दरों में तेजी से गिरावट आई लेकिन जन्म दर में केवल थोड़ी सी गिरावट आई।

1921 के बाद मृत्यु दर में गिरावट के प्रमुख कारण क्या थे?

(ग) महामारी से आप क्या समझते हैं ?

**(प्र. 33. दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के लिए )**

भारत विश्व में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है, सन 2011 की जनगणना के अनसुार इसकी कुल जनसंख्या 121 करोड़ (यानी 1.21 अरब) है। वर्ष 1901-1951 के बीच औसत वार्षिक संवृद्धि दर 1.33% से अधिक नहीं हुई जो कि एक साधारण संवृद्धि दर कही जा सकती है। सच तो यह है कि 1911 से 1921 के बीच संवृद्धि की दर नकारात्मक यानी ऋणात्मक रूप से -0.03% रही। इसका कारण 1918-19 के दौरान इंफ्लूएंजा महामारी का भीषण तांडव था जिसने लगभग 1.25 करोड़ लोगों यानी देश की कुल जनसंख्या के 5% अंश को मौत के मुंह में ढकेल दिया था (विसारिया और विसारिया 2003 : 191)। ब्रिटिश राज से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जनसंख्या संवृद्धि की दर में काफ़ी बढ़ोतरी हुई और वह 1961-1981 के दौरान 2.2% पर पहुँच गई।

(क) दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश कौन सा है और भारत की जनसंख्या कितनी है, भारत की जनगणना 2011 के अनुसार?

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) 1911 से 1921 के बीच संवृद्धि की दर नकारात्मक रही । इसका कारण क्या था?<br>(ग) महामारी से आप क्या समझते हैं ? | |
| 34 | निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिये<br>परिवार हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है हमारे लिए इसका अस्तित्व स्वतः स्वीकृत है। हम यह भी मानकर चलते हैं कि अन्य लोगों के परिवार भी हमारे परिवार की तरह ही होंगे। तथापि हमने देखा है कि परिवारों की संरचनाएँ भिन्न-भिन्न होती है और यह बदलती भी रहती हैं। यह परिवर्तन कभी-कभी तो आकस्मिक तौर पर होते रहते हैं जब कोई लड़ाई छिड़ जाती है अथवा लोग काम की तलाश में अन्यत्र जा बसते हैं। कभी-कभी यह परिवर्तन किसी विशेष प्रयोजन के लिए किए जाते हैं, जैसे कि जब युवा लोग बुजुगों द्वारा उनके लिए जीवन साथी का चुनाव करने के बजाय स्वयं ही अपने जीवन साथी का चुनाव कर लेते हैं। अथवा जब समाज में समलैंगिक प्यार का खुले तौर पर इजहार किया जाता है।<br><br>1 'समलैंगिक प्यार' से आप क्या समझते है ? आप इसे कैसा मानते हैं ?<br>2 आकार के आधार पर परिवार के प्रकार बताये ?<br>3 पितृसत्तात्मक और मातृसत्तात्मक परिवार क्या होते हैं ? | 6 |
| 35 | नागरिक समाज क्या है और ये किस प्रकार से काम करते हैं ? | 6 |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in